हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

11 वैश्य कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई

12 आंगनबाड़ी वर्कर्स ने प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपा

खबर संक्षेप

उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

बहादुरगढ़। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं की बिजली और बिल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक शुक्रवार 21 फरवरी को निगम कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपभोक्ताओं की शिकायतों का निदान किया जाएगा।

ड्रोन ट्रेनिंग को आवेदनों का सत्यापन शुरू

झज्जर। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने युवा किसानों और बेरोजगार युवाओं को मुफ्त ड्रोन पायलट प्रशिक्षण देने के लिए आवेदन मांगे गए थे। जिन युवा किसानों ने ट्रेनिंग हासिल करने के लिए आवेदन किया है उन्हें 24 फरवरी तक अपने ऑनलाइन फॉर्म, पासपोर्ट, पीपीपी, शैक्षणिक योग्यता व अन्य दस्तावेज की प्रति जमा करवानी होगी।

सट्टा खाईवाली करते तीन गिरफ्तार

बहादुरगढ़। लाइनपार थाना पुलिस ने सट्टा खाईवाली करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर ये आरोपी छोटूराम नगर में मेला ग्राउंड के पास से काबू किए गए। इनके पास से रुपये व सट्टा पर्चियां बरामद हुई। आरोपियों की पहचान आशीष, निखिल व नितिन के रूप में हुई है। आशीष दिल्ली का रहने वाला है। बाकी दोनों आरोपी लाइनपार के हैं।

जटवाड़ा मौहल्ले में प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने को नगर परिषद लगा रही कैंप

लाल डोरे में 4885 भू-मालिकों को मिलेगा संपत्ति का मालिकाना हक

गांवों की भांति शहर को भी लाल डोरा मुक्त करने की प्रक्रिया तेज

जटवाड़ा मौहल्ला, मजीद मोहल्ला, किला मोहल्ला, झील मोहल्ला, कच्चा बाग, रणजीत कॉलोनी, बॉम्बे वाली गली, ईमली वाली गली, खटीक मोहल्ला, पालिका कॉलोनी व उत्तम कॉलोनी आदि इलाके लाल डोरे में आते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। कैंप में प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करते नगर परिषद कर्मचारी।

गांवों की भांति अब शहर को भी लाल डोरा मुक्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। नगर परिषद द्वारा प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने को लेकर कैंप लगाए जा रहे हैं। बहादुरगढ़ में जटवाड़ा मौहल्ला समेत करीब डेढ़ दर्जन कॉलोनियों के 4885 लोगों को लाल डोरा में प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। यह प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अनियोजित ढंग से रह रहे लोगों को अपनी संपत्तियों का सत्यापित मालिकाना हक मिल सकेगा।

बता दें कि अंग्रेजों ने वर्ष 1908 में लाल डोरा बनाया था। उस समय राजस्व रिकॉर्ड रखने के लिए खेतीबाड़ी की जमीन के साथ स्थित गांव की आबादी को अलग दिखाने के मकसद से नक्शे पर आबादी के बाहर लाल लाइन खींची जाती थी। इस लाल रेखा के अंदर रहने वाले लोग काबिज भू-भाग के मालिक होते हैं। बहादुरगढ़ में जटवाड़ा मौहल्ला, मजीद मोहल्ला, किला मोहल्ला, झील मोहल्ला, कच्चा बाग, रणजीत कॉलोनी, बॉम्बे वाली गली, ईमली वाली गली, खटीक मोहल्ला, पालिका कॉलोनी व उत्तम कॉलोनी आदि रिहायशी इलाके लाल डोरा क्षेत्र में आते हैं।

नप कर्मचारियों की टीम लोगों का डाटा एकत्रित करने में जुटी

हरियाणा सरकार की ओर से अब लाल डोरे के अंतर्गत आने वाली जमीनों को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। बहादुरगढ़ में 4 हजार 885 संपत्ति लाल डोरे की जमीन के अंतर्गत आती हैं। इन संपत्तियों पर काबिज लोगों को मालिकाना हक के प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। लाल डोरे के अंदर आते मकानों में रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए नप कर्मचारियों की टीम लाल डोरे के अंदर रह रहे लोगों का डाटा एकत्रित कर सत्यापित करने में जुट गई है। ताकि लोगों को जल्द से जल्द घरों का मालिकाना हक दिया जा सके।

ओटीपी के माध्यम से लाल डोरे की संपत्ती को सत्यापित करवाएं

पूर्व पार्षद गुरदेव राठी ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से शहरों को लाल डोरा से मुक्त कराया जा रहा है। शुक्रवार को भी 5 बिसवा चौपाल में नप कर्मचारी कैंप लगाएंगे। सभी भू-मालिक ओटीपी के माध्यम से लाल डोरे की संपत्ती को सत्यापित करवाकर मालिकाना हक सुनिश्चित करवाएं। संपत्ति का प्रमाण पत्र मिलने पर संबंधित व्यक्ति की संपत्ति कानूनी रूप से सुरक्षित रह सकेगी। प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट मिलने से लाल डोरा क्षेत्र में जमीनी विवाद खत्म हो जाएंगे और भू मालिक लोन लेने व कई तरह के अन्य काम आसानी से कर सकेंगे।

बार एसोसिएशन चुनाव, सहसिचव पद के लिए सिर्फ एक नामांकन

इंदू राठी का निर्विरोध सहसचिव बनना तय

- प्रधान पद के लिए कुल 5, उपप्रधान के लिए 2, सचिव के लिए 3 और कोषाध्यक्ष के लिए 2 वकीलों ने नामांकन दाखिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बार एसोसिएशन के सहसचिव पद के लिए इंदू राठी का निर्वाचन लगभग तय हो गया। इस पद के लिए किसी अन्य अधिवक्ता ने नामांकन ही नहीं भरा। जबकि प्रधान पद के लिए कुल 5, उपप्रधान के लिए 2, सचिव के लिए 3 और कोषाध्यक्ष के लिए 2 वकीलों ने नामांकन दाखिल किए हैं। बुधवार को पूर्व प्रधान देवेंद्र लाठर ने प्रधान पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। वीरवार को नामांकन के आखिरी दिन संदीप गुलिया, विक्रम छिल्लर, चांद जून व रविन छिल्लर ने फार्म भरे। हालांकि हाईकोर्ट में याचिका रिजेक्ट होने के बाद विक्रम छिल्लर का नामांकन रद होना भी लगभग तय माना जा रहा है। उप प्रधान पद के लिए सोमबीर सिंह व राकेश चंद्र ने नामांकन भरे। सचिव पद के लिए हुकम चंद राठी, कपिल भारद्वाज और तरुण राठी ने फार्म भरे हैं। कोषाध्यक्ष एवं लाइब्रेरियन के पद के लिए चिराग कौशिक व पारस ने नामांकन दाखिल किए हैं।

आज नामांकन वापस ले सकते हैं

निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र लोहचब ने बताया कि शुक्रवार 21 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच 11 बजे तक होगी और नामांकन वापसी 3 बजे तक हो सकेगी। इसके उपरांत 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से साढ़े 4 बजे तक मतदान होगा।

लोन के नाम पर सवा दो लाख रुपये की ठगी

बहादुरगढ़। गांव खैरपुर के निवासी एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की वारदात हो गई। शातिर ने लोन दिलाने के नाम पर उसे करीब सवा दो लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। रामबिलेक्षण का कहना है कि अभी कुछ दिन पहले वह अपने घर पर था। इस दौरान उसके पास एक कॉल आई। कॉलर ने कहा कि आपको पांच साल के लोन का ऑफर है। सहमति हुई तो शातिर ने एक लिंक भेजा। जैसे ही मैंने लिंक पर क्लिक किया तो मेरा फोन हैक हो गया। इस दौरान मेरे खाते से दो लाख 23 हजार 251 रुपये की निकासी कर ली गई। फिर ऑनलाइन शिकायत दी। अब केस दर्ज हो सका है। उधर, साइबर थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। लोग भी जागरूक रहें।



पहलवान साहिल का स्वागत किया

बहादुरगढ़। उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स की ग्रीको रोमन कुश्ती स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहलवान साहिल का शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम अखाड़ा में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा लाभार्थी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजीव सैनी ने साहिल पहलवान का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार खेल व खिलाड़ियों को लगातार बढ़ावा दे रही है। खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने पहलवान साहिल की उपलब्धि पर उनके परिजनों व कोच को भी बधाई दी। कोच सोल्हा पहलवान, कोच संजय, मनोज बागड़ी, अजीत खत्री व जापान खत्री आदि ने भी साहिल पहलवान को बधाई देते हुए स्वागत किया।

Reg. No. 123 !! जय बाबा गोपाल दास की !! Estd. 1999

S.K.G. SR. SEC. SCHOOL BHAKLI

Fully SELE Speak English Like the English Smart

Admission Open Session 2025-26

10th RESULT 2023-24

Ronak 97.6% Mundahera 488/500

Navya 97% Sadat Nagar 485/500

Kirti 96.8% Jhal 484/500

12th RESULT 2023-24

Nipun 97.6% Nilaheri 488/500

Payal 97.4% Bhurawas 487/500

Mahak 96.4% Gujarwas 482/500

NEET RESULT 2024

676/720 SAKSHI D/o Rajesh Kumar Bhakli-II Kalpana Chawla GMC Karnal



662/720 RICHA YADAV D/o Pardeep Kumar Lookhi BKMC CHANDAULI (UP)

CSEET (ICSI) Qualifier

Arti D/o Sushil Sudhrana

Kashish D/o Naveen Kosli

JEE MAINS Result 2025 97.72 %tile

Sahil S/o Satpal Mundahera

4th POSITION IN HARYANA

1st POSITION IN DISTRICT (10th Class)

NDA Written Qualifier

Competitive Excellence NEET 16+ | JEE 27+ | NDA 18+ | CA FOUNDATION 14+ | CSEET 2+ | & Many More....

SCHOLARSHIP-CUM- ADMISSION TEST

ON 23 Feb. 2025 (Sunday)

At School Campus Timing : 10 am to 11 am Classes : 2nd to 12th

To Apply Online Scan QR Code

Scholarship up to ₹ 10 Lakh *Terms and Conditions Apply

New Launching

Sarthak Batches (9th to 12th)

(For NEET, JEE, NDA)

- Learn From Our Newly Recruited, Top-tier Experienced Faculty
- Individual Doubt Clearing
- Test Series & Performance Tracking

Director : Mr. Shyam Singh Mob. 9991223394, 9991281798

Website: www.skgbhakli.edu.in

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।

ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

बार्बी: सबसे पॉपुलर डॉल

बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।

इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये

गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।

वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोलः वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

कहलाते हैं ग्रीन मफलरः ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलताः सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

कविता / दिशा ग्रोवर

खेलें छुपन-छुपाई

गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

तुम्हारे लिए नई किताब

मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *

-विज्ञान भूषण

किताबः कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
मूल्यः 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

कहानी
सिराज अहमद

जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप-टप, टप-टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

घोड़ा और भैंस

सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।

घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?

उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

कहानी
अशोक वाधवाणी

सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

सही-गलत

तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *

जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?

बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-141 का उत्तर : 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले : मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक

रंग भरो-169

रंग भरो-169 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

डिंपल, दुर्ग

दिशांत, महेंद्रगढ़

सानवी, रायपुर

प्रगति, बिलासपुर

चहक, ईमेल से

सौम्य, बालोद

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद

रंग भरो 170

बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्रॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

झज्जर। कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता।

मनोवैज्ञानिक परीक्षण पर कार्यशाला आयोजित

झज्जर। वीरवार को रविंद्रा भारती शिक्षण महाविद्यालय में मनोवैज्ञानिक परीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बीएड के विद्यार्थियों को विभिन्न मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के उपयोग व प्रशासन से अवगत कराना रहा। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला महाविद्यालय से डॉक्टर शिखा ने बताया विद्यार्थियों को परीक्षणों के प्रकार, उपयोग की स्थिति व तरीकों से अवगत कराया। इस मौके पर प्रवक्ता मनीषा गर्ग, समेश, रितु, वीरेंद्र कौशिक सहित अन्य भी मौजूद रहे।

अवैध हथियार सहित एक युवक गिरफ्तार

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, सीआईए को सूचना मिली थी कि नाहरा, नाहरी रोड पर चोर प्याऊ के पास एक युवक हथियार लेकर खड़ा है। इस पर टीम तुरंत वहां गई और युवक को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोडेड पिस्तौल मिली। जिसमें एक कारतूस था। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। उसकी पहचान मंगतुराम निवासी सोनीपत के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

दोबारा धरने पर बैठे फिर उठ गए

बहादुरगढ़। अधिकारियों के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त करने वाले कर्मचारी वीरवार को फिर से धरने पर बैठ गए। हालांकि अधिकारियों द्वारा समझाने के बाद कर्मचारी धरने से उठ गए और अपना काम संभाल लिया। दरअसल, ठेकेदार के अधीन कार्यरत कर्मचारियों को बीते चार महीने का वेतन नहीं मिला है। इस वजह से इन्होंने सोमवार को हड़ताल शुरू कर दी थी। तीसरे दिन बुधवार को चेयरपर्सन व अधिकारियों द्वारा आश्वासन मिलने के बाद इन्होंने हड़ताल समाप्त कर दी थी। लेकिन इनमें पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई और वीरवार की सुबह कई कर्मचारी फिर से धरने पर बैठ गए।

वैश्य कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

डिस्कस थ्रो में सारथी, शॉटपुट में रिंकी, लॉन्ग जंप में जाह्नवी प्रथम

■ पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं में छात्राओं ने अपना दम-खम दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। दौड़ में एक दूसरे को पछाड़ने का प्रयास करती छात्राएं, विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते अतिथि व आयोजक। फोटो :हरिभूमि

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का वीरवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं में छात्राओं ने अपना दम-खम दिखाया। कार्यक्रम में एमडीयू की सेवानिवृत पूर्वाध्यक्ष प्रो संतोष शर्मा मुख्यातिथि के रूप में छात्राओं को प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन क्रॉलिंग रेस में सारथी-गुंजन प्रथम, लक्ष्मी-तनिषा द्वितीय व अनिता-कृतिका तृतीय रही। सैक रेस में रिंकी प्रथम, अनिता द्वितीय व लक्ष्मी तृतीय रही। शॉटपुट में रिंकी प्रथम, सुरभि द्वितीय व सारथी तृतीय रही। हाई जम्प में क्रांति प्रथम, जाह्नवी द्वितीय व रिंकी तृतीय रही। लॉन्ग जंप में जाह्नवी प्रथम, रिंकी द्वितीय व अनिता तृतीय रही। रिले रेस में रिंकी, लक्ष्मी, क्रांति, श्वेता प्रथम रही। जबकि 100 मीटर रेस में रितिका प्रथम, सारथी द्वितीय व छवि तृतीय रही। जेवलिन थ्रो में लक्ष्मी प्रथम, गुंजन द्वितीय व एकता तृतीय रही। डिस्कस थ्रो में सारथी प्रथम, जाह्नवी द्वितीय व तनिषा तृतीय रही। लैमन रेस में जाह्नवी प्रथम स्थान पर रहीं। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि शरीर को ऊर्जावान बनाने के साथ ही खेल से एकाग्रता, एकनिष्ठता, आपसी प्रेम भाव व सहयोग की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि छात्राएं शिक्षा के साथ खेलों में भी रूचि रखें। प्रो संतोष शर्मा ने भी छात्राओं को खेलों में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद रोजगार व ख्याति के नए अवसर उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा ने कहा कि झज्जर जिला हमेशा से खेलों में अग्रणी रहा है और हमारी बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के सहसचिव एमसी जोशी, प्रबंधक यशपाल गांधी व मनोज गुप्ता आदि ने भी छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। आयोजन में पूनम, प्रीति व डॉ नैना ने अहम भूमिका निभाई।

झज्जर। खेत में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

दिनभर चली तेज हवाएं, किसानों की बढ़ी परेशानी

झज्जर। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार बदले मौसम के मिजाज के कारण देर रात हुई हल्की बारिश ने जहां मौसम में ठंडक घुल गई, वहीं दिनभर चली तेज हवाओं ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया। किसानों का कहना है कि इन दिनों अगर बरसात के दौरान तेज हवाएं चलती है या ओलावृष्टि होती है तो फसलों को बहुत नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि फिलवक्त तेज बरसात सरसों की फसल के लिए भी नुकसानदायक है। उधर, देर रात हुई हल्की बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में भी थोड़ी गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।

बेस्ट सेल्फी विजेताओं को मिला नकद पुरस्कार

झज्जर। लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक और प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान के तहत आयोजित बेस्ट सेल्फी प्रतियोगिता में बेहतरीन सेल्फी अपलोड करने वाले युवाओं को सीटीएम रविंद्र मलिक ने वीरवार को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में मतदाताओं को मतदान के बाद अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था, ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लें और मतदान को एक उत्सव के रूप में मनाएं।

झज्जर। विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए सीटीएम रविंद्र मलिक।

संगठन के विस्तार को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों ने की मीटिंग

झज्जर। वीरवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ की एक मीटिंग पुराना जलघर प्रांगण में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान दिलबाग सिंह दलाल व संचालन जिला सचिव देवेंद्र यादव ने किया। संगठन के अधिक से अधिक सदस्य बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस मीटिंग में कर्मचारियों द्वारा कैशलेस मेडिकल सुविधा, बेसिक-पे में 70 वर्ष का होने पर 10 प्रतिशत व 80 वर्ष का होने पर 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने, 18 महीने का डीए का एरियर दिया जाने, आठवां वेतन आयोग शीघ्र लागू करने, कर्मचारी की विधवा को एलटीसी दिए जाने व पुरानी पेंशन बहाली की मांग भी उठाई गई। इस मौके पर राजेंद्र दलाल, मंगतराम एडवोकेट, रमेश जाखड़, राजवीर राहड, विष्णु दत्त जांगड़ा, दलीप रावत, मास्टर धर्मपाल अहलावत, कृष्णा मलिक, जयकरण, ओमप्रकाश जेई, ओमप्रकाश पूनिया, सुरेश शर्मा, अतर सिंह, रणबीर दलाल, राजेंद्र सिंह, राज सिंह, राजवीर राहड, महावीर सिंह, सूरजवीर, जगतनारायण, भूरेराम, अमेराम सहित अन्य भी मौजूद रहे।

शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर डीएमसी ने किया औचक निरीक्षण

■ डीएमसी ने आदेश दिया कि प्रत्येक सप्ताह एक दिन ईओ और अन्य दिनों में एमई, एक्सईएन और जेई सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

झज्जर। शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए डीएमसी एवं एडीसी सलोनी शर्मा।

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की मुहिम को तेज करते हुए डीएमसी एवं एडीसी सलोनी शर्मा ने वीरवार सुबह सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। बिना किसी पूर्व सूचना के डीएमसी सुबह साढ़े सात बजे शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचीं और स्वच्छता की वास्तविक स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर डीएमसी ने मौके पर ही एक्शन लिया गया और तुरंत सफाई करवाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कहीं भी सफाई में कोताही बरती गई तो जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऑफिसर कॉलोनी, शहीद रिजांगला चौक, धौड़ चौक, परशुराम चौक, सीताराम गेट, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड पुरानी तहसील रोड़, बीकानेर चौक आदि क्षेत्रों में औचक निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सुबह 8 बजे स्वच्छता ग्रुप में सफाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था पर नियमित रूप से नजर रखी जा सके। इसके अलावा, डीएमसी ने आदेश दिया कि प्रत्येक सप्ताह एक दिन ईओ और अन्य दिनों में एमई, एक्सईएन और जेई सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करेंगे।

न्यूज डायरी

जाखौदा में किया गली निर्माण का शुभारंभ

बहादुरगढ़। जाखोदा गांव में गली निर्माण का नारियल फोड़ते विधायक राजेश जून।

बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून ने वीरवार को गांव जाखोदा में डी प्लान के तहत जोहड़ के नजदीक वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। राजू प्रधान, करमजीत लाम्बा, विक्की, प्रदीप फौजी, सतपाल व बल्लू बैरागी आदि ने उनका स्वागत करते हुए गली बनवाने पर आभार जताया। विधायक राजेश जून ने हिदायत दी कि गली के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, नरेश छिकारा, बलराज दलाल व विपिन जून आदि मौजूद रहे।

नेताजी नगर में लगाया स्पेशल कैंप

बहादुरगढ़। नेताजी नगर में लगे कैंप में मौजूद के बारे में जागरूक कियायूपीएचसी की टीम। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। नेताजी नगर अर्बन पीएचसी द्वारा वीरवार को स्पेशल आउटरीच हैल्थ कैंप लगाया गया। कैंप में संक्रमण, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर, हृदय रोग, क्षय रोग व अन्य बीमारियों गया। कैंप की अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी डा. निशांत कादयान, डा. रवि दलाल व डा. रोहित बजाड़ ने की। कैंप में एएनएम राजेश, अमरजीत व मंजू के साथ सभी आशा वर्कर शामिल रही। कैंप में आए लोगों की शुगर व रक्त की जांच की गई। अनेक मरीजों को रोग से संबंधित दवाईयां भी वितरित की गई। चिकित्सकों के अनुसार हरियाणा में गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। इकसे तहत मरीजों को सही मार्गदर्शन देने के लिए समय-समय पर जागरूकता कैंप व कार्यशाला लगाए जा रहे हैं।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को दी बधाई

बहादुरगढ़। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को उन्होंने दिल्ली के उप-मुख्यमंत्रीबधाई देते जसबीर सैनी। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उनके निवास स्थान पर जाकर बधाई दी। सैनी ने बताया कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कार्यकर्ताओं के मन की बात भली भांति समझता है। हरियाणा की बेटी को दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद मिलना गौरव की बात है। प्रवेश वर्मा को भी बधाई दी।

25 छात्राएं ले रही डांस ट्रेनिंग

बहादुरगढ़। छारा कॉलेज में डांस ट्रेनिंग लेती छात्राएं।

बहादुरगढ़। छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में डांस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ। महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत इस प्रोग्राम की शुरुआत 15 फरवरी को हुई थी। महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज ज्योति ने बताया कि डांस टीचर रोहित बक्शी प्रतिदिन बहादुरगढ़ से छात्राओं को सिखाने छारा आते हैं। इस ट्रेनिंग में 25 छात्राएं उत्साह के साथ भाग ले रही हैं।

सामाजिक न्याय दिवस के प्रति किया जागरूक



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरुक करती भावी अध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की भावी अध्यापिकाओं ने इंटर्नशिप के दौरान अपने-अपने स्कूलों के विद्यार्थियों को जागरूक किया। छात्रों को सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों को समझने और संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया। गांव बामड़ोली समेत विभिन्न स्कूलों में भावी अध्यापिकाओं ने कई गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को सामाजिक न्याय के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। सामाजिक न्याय से संबंधित मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। समूह चर्चा और प्रश्नोत्तर सत्रों में सामाजिक न्याय के महत्व और उसके विभिन्न आयामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

झज्जर। सामान वितरण के दौरान मौजूद स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

जरुरतमंद लोगों में वितरित किया घरेलू सामान

झज्जर। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आरंभ एनएसएस प्रभारी डॉ. अनु बरवड़ और स्वयंसेविकाओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। एनएसएस गीत के बाद रामकुमार व उनकी टीम के सदस्यों द्वारा स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास कराया गया। डॉ. अनुपमा यादव ने सामाजिक विषयों पर स्वयंसेविकाओं को जागरुक करते हुए जनरेशन-जेड की टेक्नोलॉजी पर निर्भरता को नशे की तरह बताया। यही हमारे अंदर तनाव का कारण है। कैंप में आयोजित फ्लावर मेंकिंग कंपीटिशन में कुमारी पूजा और प्राची ने प्रथम, सीमा और अनुष्का ने द्वितीय तथा निशा और अंजलि ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा डॉ. कविता और अंशुल ने दांतों की देखभाल संबंधी जानकारी दी। अर्श काउंसलर डॉ. संदीप जांगड़ा ने स्वंयेसविकाओं को एड्स के खतरों तथा सावधानियों से अवगत कराया। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंच कर उनमें घरेलू सामान व कपड़े भी वितरित किए।

मोमोज खिलाने के बहाने गलत काम

बहादुरगढ़। दिल्ली की निवासी एक किशोरी के साथ बहादुरगढ़ में गलत काम होने का मामला सामने आया है। दिल्ली के ही एक लड़के पर अपहरण कर किशोरी के साथ गलत काम करने का आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। मामला कुछ दिन पुराना है, लेकिन अब केस दर्ज हो सका है। पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने कहा है कि उसकी बेटी सातवीं कक्षा में पढ़ती है। कुछ दिन पहले एक लड़का मेरी बेटी को मोमोज खिलाने के बहाने बहादुरगढ़ के एक मॉल में ले गया और वहां उसके साथ गलत हरकतें की। बेटी ने घर पर आकर आपबीती सुनाई। आरोपी लड़का 11वीं कक्षा का छात्र है और दिल्ली का ही निवासी बताया जा रहा है।

फ्रेशर्स फिएस्टा में विद्यार्थियों ने किया सांस्कृतिक कौशल का प्रदर्शन

झज्जर। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी।

झज्जर। कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस एंड रिसर्च सेंटर हसनपुर के विद्यार्थियों ने फ्रेशर्स फिएस्टा में बेहतरीन सांस्कृतिक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नवागंतुक विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में एसीसी पुन्हाना प्रदीप खत्री ने मुख्यातिथि तथा एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। संस्था के चेयरमैन रणबीर कोडान, प्रबंधक निदेशक सोमबीर कोडान, संगीता कोडान, कॉलेज मैनेजर राहुल कोडान, कॉलेज के डीन डॉक्टर जगतबीर फौगाट और डॉक्टर आरके चंदोलिया सहित अन्य भी मौजूद रहे। डॉक्टर जगतबीर फौगाट ने अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एमआर कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस एंड रिसर्च सेंटर ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी संकाय सदस्य और नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित यह संस्थान पशु चिकित्सा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर रहा है। वहीं विद्यार्थियों ने हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, दिल्ली और पंजाब की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा बीवीएससी एंड एएच 2024-25 बैच के नवागंतुक विद्यार्थियों का रैंप वॉक, रागनी, एकल नृत्य और शायरी जैसी प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

खुडुन गांव में आधी रात को किए हवाई फायर, गांव में दहशत

झज्जर। क्षेत्र के गांव खुडुन में आधी रात को एक मकान के सामने हवाई फायर करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। बुधवार की रात जब वह अपने घर पर सो रहा था तो आधी रात करीब पौने दो बजे उसे गली में आवाज सुनाई दी जिस कारण उसकी आंख खुल गई। उसने उठकर गली में देखा तो एक सफेद रंग की गाड़ी से उतरे एक व्यक्ति ने अपने हाथों में लिए हथियार से लगातार 8-10 हवाई फायर किए। इसके बाद उसने कहा कि हमारे सामने कोई बोलने वाला नहीं है भीतर हो जाओ। सुरेंद्र सिंह के अनुसार इसके बाद वह व्यक्ति गाड़ी में बैठकर मौके से भाग गया। इसके उपरांत उसने इस घटना की सूचना अपने पुत्र सुनील व अन्य परिजनों को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

अभियान सामाजिक पंचायतों ने इस नेक कार्य में अहम भूमिका निभाई

'खेल बढ़ेगा-अपराध घटेगा' अभियान की टीशर्ट बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को टीशर्ट देने के बाद उनके साथ तेजपाल दलाल। फोटो :हरिभूमि

खेल लेखक तेजपाल दलाल पिछले लगभग पांच वर्षों से 'खेल बढ़ेगा-अपराध घटेगा' राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहे हैं। वे अब तक में 2 सौ से अधिक खेल केंद्रों, शिक्षण संस्थानों, पंचायतों समेत अन्य जगहों पर खिलाड़ियों, छात्रों व युवाओं तक यह संदेश पहुंचा चुके हैं। दिल्ली के शिक्षा विभाग में इतिहास प्रवक्ता पद पर कार्यरत तेजपाल दलाल के अनुसार स्वस्थ जीवन के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। जबकि वर्तमान में युवा वर्ग को अपराध, नशे व अन्य बुराइयों से प्रभावित हो रहा है। उन्हें इन कुरीतियों से दूर रखने के लिए ठोस कदम उठाने की सख्त जरूरत है। शिक्षण संस्थान और खेल के मैदान युवाओं को नशे व अपराध से दूर रखने में सर्वाधिक उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। निस्वार्थ व ईमानदारी से प्रयास करने जरूरी हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक तेजपाल दलाल मानते हैं कि अपराध की बढ़ती प्रवृति को रोकना पुलिस प्रशासन के साथ-साथ समाज की भी जिम्मेदारी है। सामाजिक पंचायतों ने इस नेक कार्य में अहम भूमिका भी निभाई है। युवा वर्ग में शिक्षा के साथ खेलों में भी रुचि रहे तो वो कुरीतियों से स्वतः दूर रहेगा। गांव हिरण कूदना के राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को खेल बढ़ेगा-अपराध घटेगा अभियान के तहत टीशर्ट भेंट की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एलएन , डॉ. प्रवीण, प्रवक्ता नीलम कुमारी, साहित्यकर प्रोमिला खरब, शिक्षाविद डॉ. मनोज , प्रवक्ता कृष्ण कुमार, आर्टिस्ट गौरव आदि मौजूद रहे।

इंग्लिश ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

झज्जर। इंग्लिश ओलंपियाड के विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए संस्था पदाधिकारी फोटो :हरिभूमि

इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने एसओएफ द्वारा आयोजित इंग्लिश ओलंपियाड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। दूसरी कक्षा से पियूष, तीसरी से साक्षी व तनव, चौथी से मयंक व आठवीं से वीरिका ने सफलता हासिल की। सीनियर वर्ग में ग्यारहवीं कक्षा से प्रत्यूष व रीतू का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भाषा में अपनी दक्षता दिखाने के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा की क्षमताओं का परीक्षण का मौका भी मिलता है।

खबर संक्षेप

कॉलेज में 25 छात्राएं ले रही डांस ट्रेनिंग

बहादुरगढ़। छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में डांस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ। महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत इस प्रोग्राम की शुरुआत 15 फरवरी को हुई थी। महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज ज्योति ने बताया कि डांस टीचर रोहित बक्शी प्रतिदिन बहादुरगढ़ से छात्राओं को सिखाने छारा आते हैं। इस ट्रेनिंग में 25 छात्राएं उत्साह के साथ भाग ले रही हैं।

श्रीश्याम फाल्गुन मेला शिविर 28 को

झज्जर। क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ में आगामी 28 फरवरी को श्रद्धालुओं के लिए पांचवें श्रीश्याम फाल्गुन मेला शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्याम भक्त विक्रम कौशिश, सुमित जाखड़, राजेश, पवन कौशिश, लीलू नंबरदार, दिनेश शर्मा, मोनू, सोनू पंडित, बिजेंद्र सेठ, दीनू, अजय वकील आदि ने बताया कि शिविर में पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्राम की व्यवस्था की गई है।

योजना के तहत दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा

झज्जर। डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण बीमा योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य आम नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि पीएमजेजेबीवाई तथा पीएमएसबीवाई योजनाओं के माध्यम से सरकार समाज के हर वर्ग को किफायती बीमा सुविधाएं प्रदान कर रही है।

सीए प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता बने जिंदल

बहादुरगढ़। भाजपा सीए प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नितिन बंसल ने अपनी टीम का ऐलान किया है। सीए विजेंद्र जिंदल को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सीए विजेंद्र जिंदल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली और नितिन बंसल का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वे पूरी ईमानदारी से इस जिम्मेदारी को निभाएंगे। हरियाणा में भाजपा सरकार जनकल्याणकारी कार्य कर रही है और लगातार व्यापार व आर्थिक तौर पर प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

विजेंद्र जिंदल

बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना

बहादुरगढ़। इलाके में चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। अब सेक्टर-6 में स्थित एक बंद मकान को निशाना बना लिया गया। अज्ञात चोर यहां से एक लाख रुपये की नकदी सहित सोने के काफी आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। परिवार के लोग जब घर लौटे तो वारदात का पता चला। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। वारदात रितिक राठी के मकान में हुई है। रितिक का कहना है कि 19 फरवरी को वह और उसकी मां अपने गांव खरहर में गए थे। पीछे से मकान बंद था, ताला लगाया गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान को निशाना बना लिया। देर शाम को हम जब अपने घर पर आए तो मेन गेट का ताला तो लगा हुआ था। लेकिन अंदर वाला दरवाजा खुला था। मकान के अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर सूटकेस में से एक लाख की नकदी गायब मिली। इतना ही नहीं, सोने की अंगूठी, चेन, कड़ा व कानों के बाले भी नहीं मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। रितिक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। बता दें कि पिछले कुछ समय से इलाके में चोरी की वारदात बढ़ी हैं। बंद मकान चोरों के लिए सॉफ्ट टारगेट बने हुए हैं।

हेल्पर की सुविधा दी जाए, राशन सही मिले, मांगें पूरी नहीं तो आंदोलन तेज करेंगे

आंगनबाड़ी वर्कर्स ने लघुसचिवालय में जोरदार प्रदर्शन कर, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंगनवाड़ी वर्करों ने वीरवार को लघुसचिवालय परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया और सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। बाद में उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन डीआरओ प्रमोद चहल को सौंपा। आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष छोटा गहलोत ने बताया कि सरकार की करनी और कथनी में बहुत अंतर है। जिसके कारण आंगनवाड़ी वर्करों में रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वर्करों की सबसे बड़ी समस्या आंगनवाड़ी केंद्र पर वितरित किए जाने वाले राशन को लेकर है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर राशन ठेकेदार की मार्फत भेजा जाता है जोकि एक्सपायरी डेट के नजदीक होता है। उसी राशन को वितरित करने के लिए उन्हें बाध्य किया जाता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि उन्हें गुणवत्ता के हिसाब का राशन वितरण के लिए भिजवाया जाए। इसके अलावा आंगनवाड़ी वर्करों को पदोन्नति का लाभ देने और मिन्नी आंगनवाड़ी केंद्र पर एक हेल्पर की सुविधा दिए सहित अन्य सभी मांगें पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी सभी जायज मांगे पूरी नहीं करती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए आंगनवाड़ी वर्कर।

झज्जर। डीआरओ को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपती आंगनवाड़ी वर्कर।

साथी कर्मचारी हटाए जाने से नाराज आशा वर्कर्स ने दिया धरना

झज्जर। साथी कर्मचारी को ड्यूटी से हटाए जाने से नाराज आशा वर्कर्स ने वीरवार को सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आशा वर्कर यूनियन की महासचिव सुनीता ने बताया कि ढाई महीने ड्यूटी करवाने के बाद उनकी साथी कर्मचारी कविता को पदभार मुक्त कर दिया गया है। जिसके चलते आशावर्कर्स में विभाग और सरकार के प्रति रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर साथी कर्मचारी को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन तेज किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी विभाग और सरकार की होगी।

प्रशासन की तैयारी तेज

बेरी नगर पालिका चुनाव के लिए बनाए 14 पोलिंग बूथ

- डीएवी पब्लिक स्कूल बेरी में वार्ड नंबर 1, 3 व वार्ड नंबर 14 के लिए बूथ होगा
- 2 मार्च को बेरी नगर पालिका चुनाव के लिए मतदान होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि नगर पालिका चुनाव के लिए 14 वार्डों में कुल 14 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल बेरी में वार्ड नंबर 1, 3 व वार्ड नंबर 14 के लिए पोलिंग बूथ बनाया गया है। इसी प्रकार राजकीय प्राथमिक स्कूल- प्रथम में वार्ड नंबर 1, 2 व वार्ड नंबर 9 के लिए, बेरी डीघल रोड पर जाट धर्मशाला पन्ना चुल्याण में वार्ड नंबर 4 व 5 के लिए, राजकीय प्राथमिक स्कूल-द्वितीय में वार्ड नंबर 6, 7 व 8 के लिए, बेरी नगर पालिका के कार्यालय में वार्ड नंबर 10 के लिए तथा पुरानी गौशाला के पास राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में वार्ड नंबर 11, 12 व 13 के लिए पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 2 मार्च को बेरी नगर पालिका चुनाव के लिए मतदान होगा व सभी मतदान शत प्रतिशत मतदान करें।

निजी और सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर, बैनर, कटआउट और झंडों पर प्रतिबंध

बेरी। रेणुका नांदल, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम।

बेरी। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने कहा कि बेरी नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को नगर पालिका क्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के मद्देनजर बेरी नगर पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक व निजी भवनों पर दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, कटआउट, झंडे आदि लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। निजी भवनों पर चुनाव प्रचार सामग्री लगाने के लिए भवन मालिक की निर्धारित फॉर्म में पूर्व अनुमति लेनी होगी।

एक घंटे की हड़ताल के बाद सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के बैनर तले भारतीय जीवन बीमा निगम बहादुरगढ़ के समस्त कर्मचारियों ने वीरवार को एक घंटे की हड़ताल व काम छोड़ो प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात कर्मचारी नेताओं ने एलआईसी प्रबंधन को वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के प्रधान ओमवीर सिंह ने बताया कि भारत सरकार व एलआईसी के उच्च प्रबंधन के कई निर्णय एलआईसी पॉलिसी धारकों, एलआईसी फील्ड फोर्स के कर्मचारियों व एलआईसी स्टाफ के हित में नहीं है। एलआईसी में इतना स्टाफ जरूर होना चाहिए कि निगम के पॉलिसी होल्डरों के कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके। एलआईसी में अविलम्ब तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने, ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन को तुरंत प्रभाव से ट्रेड यूनियन एक्ट के तहत औपचारिक मान्यता देने, भारत सरकार द्वारा बजट में घोषित बीमा के क्षेत्र में 100 फीसद एफडीआई के प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की गई। इस मौके पर शाखा सचिव सोनू छिल्लर, राजेंद्र लोहचब, कृष्ण बत्रा, रविंद्र, विक्रांत धनखड़, सुधीर छिकारा, हिमांशु, दिनेश, दीपांशु, विभूति, आशा सिंह, नेहा व स्वाति आदि मौजूद रहे।

बहादुरगढ़। हड़ताल के दौरान प्रदर्शन करते एसोसिएशन के सदस्य।

सीवर ओवरफ्लो समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- नई सीवर की पाइपलाइन डलने से वार्ड 26 व 23 के निवासियों को मिलेगी राहत

शहर के बादली रोड पर डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम के निकट सीवर पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। नई सीवर की पाइपलाइन डलने से वार्ड 23 व 26 की देवनगर, आदर्श नगर, श्याम कॉलोनी, डीआईजी कॉलोनी, शक्ति नगर, छोटूराम पार्क आदि कॉलोनियों की सीवर समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। वार्ड 26 के पार्षद बलराम दलाल उर्फ मिंटू पहलवान ने बताया कि सीवर ओवरफ्लो की समस्या से इन सभी कॉलोनी के निवासी बहुत परेशान थे। मगर अब यह नई सीवर की पाइपलाइन डलने के बाद हमेशा सीवर ओवरफ्लो रहने की समस्या का काफी हद तक स्थाई समाधान हो जाएगा। दरअसल, विभाग की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही थी।

पब्लिक हैल्थ का बूस्टिंग स्टेशन और पार्क का निर्माण सीवर लाइन और मेन होल के ऊपर कर दिया गया था। जिस कारण मेंटेनेंस और सफाई का काम ठप हो गया था। अब यह वैकल्पिक लाइन बिछाने के बाद यह ब्लॉकेज की समस्या समाप्त हो जाएगी।

बहादुरगढ़। नई सीवर पाइपलाइन डालने के कार्य का जायजा लेते पार्षद बलराम दलाल।

दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों ने सहायक उपकरण लेने के लिए कराया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को क्षेत्र के गांव बिरधाना में दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना के नेतृत्व में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र महेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पंजीकरण करना रहना, ताकि आगामी दिनों में उन्हें व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, वॉकर, बैसाखी, श्रवण यंत्र एवं कृत्रिम अंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। शिविर का कप्तान सिंह बिरधाना ने पंजीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। यह शिविर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

झज्जर। शिविर में सहायक उपकरण संबंधी पंजीकरण कराते हुए दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिक।

बातों में उलझाकर रुपये ले गए शातिर

बहादुरगढ़। रेलवे रोड स्थित एक बैंक में वारदात हो गई। दो शातिर युवक बैंक में आए उपभोक्ता को बातों में उलझाकर बाहर ले गए और उससे हजारों रुपये ले लिए। जब तक पीड़ित को कुछ समझ आता, आरोपी भाग चुके थे। शिकायत के आधार पर सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान कर उन तक पहुंचने के लिए बैंक व रेलवे रोड पर सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। वारदात अमरजीत मंडल के साथ हुई है। बिहार मूल का अमरजीत यहां इमली वाली गली में रहता है। रेलवे रोड स्थित एक दुकान पर काम करता है। बुधवार को उसे अपने गांव में रुपये भेजने थे, इसलिए वह रेलवे रोड स्थित पीएनबी में गया था। इसी दौरान उसके साथ वारदात हो गई। अमरजीत का कहना है कि जब वह बैंक में था तो दो युवक उसके पास आए और उससे बातचीत करने लगे। बातों में उलझाकर वे उसे बैंक से बाहर ले गए। इस दौरान शातिरों ने उससे 25 हजार रुपये ले लिए और विश्वकर्मा चौक के पास ले जाकर आधार कार्ड की कॉपी लाने की बात कहकर चंपत हो गए। फिर मैं अपनी दुकान पर आ गया। कुछ देर बाद एहसास हुआ कि शातिर मेरे रुपये लेकर चले गए। फिर पुलिस को शिकायत दी। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

सभी औपचारिकताएं भी पूरी, योजनाबद्ध काम होगा

जल्द सुधरेंगे रहणियां कॉलोनी के हालात दो करोड़ की लागत से बनेंगे सड़क-नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर की रहणियां कॉलोनी के लोगों को जलभराव व टूटी हुई सड़क की समस्या से जल्द निजात मिलेगी। करीब दो करोड़ रुपये की लागत से नाले और सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इसके लिए सभी औपचारिकताएं भी पूरी कर ली गई है। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि शहर के सौंदर्यकरण व विकास को लेकर योजनाबद्ध तरीकें से कार्य किया जा रहा है।

जिले सिंह सैनी

जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए रहणियां कॉलोनी में जहां नाले का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। वहीं रहणियां कॉलोनी में टूटी हुई सड़क और एक तरफ नाला नहीं होने के कारण बन रही जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नाले और सड़क का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इसके लिए सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। नाले व सड़क के निर्माण में करीब दो करोड़ की लागत का अनुमान विभागीय अधिकारियों द्वारा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। प्रयास यहीं रहेगा कि मानूसन सीजन से पहले ही सड़क व नाले का निर्माण कार्य पूरा करवाया जाए।

झज्जर। शहर की रहणियां कॉलोनी की टूटी हुई सड़क से गुजरते हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

इस सड़क से गुजरना ही दूभर, दुर्घटना होने का अंदेशा

बता दें कि शहर की रहणियां कॉलोनी की टूटी हुई सड़क और नाला निर्माण के कारण जलभराव की स्थिति के कारण लोग काफी परेशान है। रात के समय तो यहां से निकलना ही दूभर होता है और दुर्घटना होने का अंदेशा रहता है। बीतें दिनों कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के इस क्षेत्र में कार्यक्रम होने पर सड़कों के गड्ढों को भरवाया गया था।

मकान से दस लाख की नगदी व आभूषण चोरी

वारदात

- शक्ति नगर में रहस्यमयी परिस्थितियों में वारदात
- कोई लॉक नहीं टूटा, फिर भी अलमारी से रुपये और जेवर गायब हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शक्ति नगर में स्थित एक मकान में रहस्यमयी परिस्थितियों में चोरी की वारदात हो गई। मकान में कोई लॉक नहीं टूटा, फिर भी अलमारी से दस लाख की नकदी व काफी आभूषण चोरी हो गए। परिवार के सदस्यों ने जब अलमारी चेक की तो उन्हें वारदात का पता चला। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात शक्ति नगर के निवासी मनोज के मकान में हुई है। मनोज का कहना है कि वह ऑटो चलाता है। चंद महीने पहले उन्होंने प्लॉट बेचा था। जिसमें से 20 लाख रुपये हमने नकद लिए थे। कुछ रुपये तो खर्च हो गए। बाकी के दस लाख 90 हजार रुपये हमने मकान में चिनाई के लिए अलमारी में रख रखे थे। वहीं दूसरे कमरे की अलमारी में हमारे सोने, चांदी के जेवरात थे। एक सप्ताह पहले तक रुपये और गहनें हमने देखे थे। अलमारियों की चाबी हमने पिताजी की अलमारी में रख रखी थी। अब जब मैंने अपने कमरे की दीवार वाली अलमारी देखी तो उसका केवल हैंडल बंद था लेकिन लॉक खुला हुआ था। जब अलमारी खोली तो उसमें केवल 90 हजार रुपये थे, बाकी दस लाख रुपये गायब थे।

चाबी अलमारी में ही मिली

इसके बाद दूसरी अलमारी चेक की तो उसमें सोने की अंगूठी और कुछ सिक्के ही नजर आए। सोने का हार, चेन, झुमके, पायल आदि गायब थी। फिर मैंने अपने पिता की अलमारी चेक की तो दोनों अलमारियों की चाबी वहीं रखी थी। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स घर में घुसकर वारदात को अंजाम दे गया है। हैरानी भरी बात ये कि घर में किसी दरवाजे या अलमारी का लॉक नहीं टूटा, फिर भी वारदात हो गई। उधर, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।